# यूज़र चार्ज के विरोध में 247 मंडियों के 2000 व्यापारी एकजुट, प्रदेशभर में व्यापार ठप

**जयपुर।** यूज़र चार्ज के विरोध में प्रदेशभर के व्यापारियों ने आज जोरदार विरोध दर्ज कराया। जयपुर खाद्य पदार्थ एवं व्यापार संघ, राजस्थान व्यापार संघ तथा किराना, तेल, पशुआहार, मसाला आदि विभिन्न व्यापारिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में कूकरखेड़ा मंडी परिसर में एक बड़ी बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में राजस्थान की 247 मंडियों से जुड़े लगभग 2000 व्यापारी शामिल हुए और राज्य सरकार द्वारा लगाए गए यूज़र चार्ज को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग की।

बैठक का नेतृत्व राजस्थान खाद्य पदार्थ एवं व्यापार संघ के अध्यक्ष बाबूलाल गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश चंद्र अठावाल, किराना व्यापार संघ के कैलाश चंद्र अटोलिया, सूरजपोल अध्यक्ष केदारनाथ अठावाल, दाल मिल अध्यक्ष पवन अठावाल तथा राजस्थान संघ के मंत्री लक्ष्मीनारायण डंगायच सहित अनेक व्यापारियों ने किया। जयपुर खाद्य पदार्थ एवं व्यापार संघ कूकरखेड़ा के पदाधिकारियों – रामचरण नाटानी (अध्यक्ष), अविनाश जैन (मंत्री), घासीराम अठावाल (उपाध्यक्ष), नितिन बटवाडा (उपाध्यक्ष), सतीश पापड़ीवाल (सहमंत्री) एवं सुशील अठावाल (सहमंत्री) उपस्थित रहे।



विभिन्न व्यापारिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में कूकरखेड़ा मंडी परिसर में बैठक आयोजित हुई।

- बैठक में राजस्थान की 247 मंडियों से जुड़े लगभग 2000 व्यापारी, यूज़र चार्ज को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग

व्यापारियों ने कृषि कल्याण टैक्स और आयातित माल पर मंडी टैक्स का भी विरोध किया। उनका कहना है कि सरकार द्वारा मंडी के अंदर व्यापार करने वाले लाइसेंसधारी व्यापारियों पर यूज़र चार्ज लागू करना अनुचित है, जबकि मंडी के बाहर व्यापार करने वालों को इससे छूट दी गई है। इससे प्रदेशभर में व्यापार ठप हो गया है और किसान–व्यापारी दोनों में आक्रोश व्याप्त है।

आदेश के अनुसार अब मंडी एवं उप–मंडी यार्डों के भीतर गैर–अधिसूचित कृषि उपज एवं खाद्य पदार्थों पर प्रति 100 रुपये के लेन–देन पर 50 पैसे यूज़र चार्ज देना होगा। इस शुल्क से केवल शक्कर को बाहर रखा गया है, जबकि दाल, चावल, आटा, मैदा, सूजी, तिलहन, खाद्य तेल, ड्राई फ्रूट्स समेत अधिकांश खाद्य वस्तुएँ इसके दायरे में लाई गई हैं।

व्यापारियों ने इसे नियमों में भेदभाव बताते हुए सरकार पर बड़े मॉल्स और बाहरी व्यापार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया और चेतावनी दी कि यदि यह निर्णय वापस नहीं लिया गया तो प्रदेशव्यापी आंदोलन तेज किया जाएगा।

## इग्नू अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन

**जयपुर।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) की ओर से गुरुवार को एपीजे अब्दुल कलाम राजकीय कन्या महाविद्यालय, गंगापोल, जयपुर में इग्नू अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि इग्नू क्षेत्रीय केंद्र जयपुर की सीनियर रीजनल डायरेक्टर डॉ. ममता भाटिया, विशिष्ट अतिथि असिस्टेंट रीजनल डायरेक्टर डॉ. राममूर्ति मीणा तथा इग्नू काउंसलर डॉ. राम भजन कुमावत उपस्थित रहे।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. हेमंत पारीक ने अतिथियों का स्वागत किया और छात्राओं को इस अवसर पर अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

डॉ. ममता भाटिया ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के अनुसार विद्यार्थी एक साथ एक से अधिक डिग्री, डिप्लोमा या प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम कर सकते हैं। ऐसे में इग्नू द्वारा उपलब्ध कराए गए पाठ्यक्रम अत्यंत प्रासंगिक हैं, जिनमें परीक्षा केंद्र चुनने की स्वतंत्रता पूरे भारत में उपलब्ध है। डॉ. राममूर्ति मीणा ने इग्नू के उद्देश्यों, वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा विविध पाठ्यक्रमों की जानकारी दी।

## विधानसभा अध्यक्ष देवनानी से मुख्यमंत्री शर्मा की मुलाकात


देवनानी ने भी मुख्यमंत्री शर्मा का भारत के चक्रवर्ती सम्राट पुस्तक भेंट कर अभिनन्दन किया।

**जयपुर ।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से गुरुवार को यहां सिविल लाइन स्थित उनके राजकीय निवास पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुलाकात की। देवनानी और शर्मा की यह मुलाकात लगभग 1 घंटे 10 मिनट की रही।विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोलहवीं विधानसभा के चतुर्थ सत्र से संबंधित विभिन्न विधायी कार्यों और राज्य से संबंधित विकास योजनाओं के बारे में चर्चा की। यह मुलाकात सत्र से पहले परंपरा अनुसार शिष्टाचार भेंट थी।

मुख्यमंत्री शर्मा ने देवनानी को दुपट्टा पहनाकर और पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिवादन किया। देवनानी ने भी मुख्यमंत्री शर्मा का दुपट्टा पहनाकर, पुष्प गुच्छ और भारत के चक्रवर्ती सम्राट पुस्तक भेंट कर अभिनन्दन किया। देवनानी ने शर्मा को अयोध्या के राम मंदिर का प्रसाद ग्रहण कराया।

## प्रदेश में स्थापित होगी 'लैंग्वेज लैब'

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश के युवाओं की प्रतिभा को अंतर्राष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराने की दिशा में प्राथमिकता से कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री का मानना है कि युवाओं को सही दिशा देकर उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार किया जा सकता है। साथ ही, युवाओं को सशक्त बनाकर ही विकसित राजस्थान की परिकल्पना को साकार किया जा सकेगा।

इसी दिशा में राज्य सरकार की पहल पर प्रदेश में इंग्लिश एण्ड फॉरेन लैंग्वेज यूनिवर्सिटी और केन्द्रीय मानव संसाधन मंत्रालय द्वारा 'लैंग्वेज लैब' स्थापित की जाएगी।

लैंग्वेज लैब में युवाओं को अंग्रेजी, फ्रेंच, स्पैनिश, जापानीज जैसी विदेशी भाषाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे इन भाषाओं में पारंगत बन सकें और उनके लिए विदेशों में रोजगार की राह प्रशस्त हो सके।

लैंग्वेज लैब में युवाओं को मिलने वाले विदेशी भाषाओं के प्रशिक्षण से उनके कौशल में बढ़ोतरी होगी। यह पहल युवाओं को विदेशों के साथ ही देश में भी पर्यटन, व्यापार, आईटी, शिक्षा और सेवा क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने में कारगर साबित होगी।

## सरकार 9-10 दिसंबर को राइजिंग राजस्थान पार्टनरशिप कॉन्क्लेव 2025 आयोजित करेगी

**जयपुर।** मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार 9–10 दिसंबर को राइजिंग राजस्थान पार्टनरशिप कॉन्क्लेव 2025 का आयोजन करेगी। दो दिवसीय कॉन्क्लेव के दौरान 10 दिसंबर को पहला प्रवासी राजस्थानी दिवस भी आयोजित किया जाएगा। पिछले वर्ष आयोजित राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के अनुवर्ती कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया जा रहा यह साझेदारी सम्मेलन, विभिन्न क्षेत्रों में रणनीतिक औद्योगिक गठबंधनों और साझेदारियों को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगा। यह प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय और बहुपक्षीय संगठनों के साथ राजस्थान की साझेदारियों को भी सुदृढ़ करेगा। पिछले वर्ष आयोजित इन्वेस्टमेंट समिट के दौरान हस्ताक्षिरत निवेश प्रस्तावों के सामाजिक–आर्थिक प्रभाव को भी प्रदर्शित किया जाएगा।

सम्मेलन के दौरान राजस्थान की अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों और नए निवेश के उभरते क्षेत्रों पर केंद्रित विषयगत सत्र भी आयोजित किए जाएँगे। सम्मेलन के दौरान युवा एवं महिला तथा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, ऊर्जा एवं उद्योग जैसे क्षेत्रों पर केंद्रित कई विषयगत सत्र भी आयोजित किए जाएँगे। साझेदारी सम्मेलन को बढ़ावा देने के लिए निवेशक रोड शो की श्रृंखला भी आयोजित की जाएगी। इनमें दिल्ली, हैदराबाद, सूरत और कोलकाता में राष्ट्रीय रोड शो के साथ–साथ संयुक्त अरब अमीरात में एक अंतर्राष्ट्रीय रोड शो भी शामिल है।

- पार्टनरशिप कॉन्क्लेव से पहले प्रमुख घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्थानों पर निवेशक रोड शो आयोजित किए जाएँगे

पार्टनरशिप कॉन्क्लेव से पहले, राजस्थान के विकास में खनन एवं पेट्रोलियम तथा पर्यटन जैसे क्षेत्रों की भूमिका पर प्रकाश डालने वाले पूर्व–शिखर सम्मेलन भी आयोजित किए जाएँगे।जैसा कि मुख्यमंत्री ने पिछले वर्ष आयोजित वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन के दौरान घोषणा की थी, पहला प्रवासी राजस्थानी दिवस 10 दिसंबर 2025 को आयोजित किया जाएगा।

यह समारोह न केवल प्रवासी राजस्थानी समुदाय को एक साथ आने और अपनी साझा पहचान का जश्न मनाने का अवसर प्रदान करेगा, बल्कि उन्हें अपनी जड़ों की ओर लौटने और राज्य के समग्र विकास में निवेश करने का एक मंच भी प्रदान करेगा। एक दिवसीय प्रवासी दिवस में आंध्र प्रदेश, गुजरात, केरल आदि राज्यों के प्रवासी वक्ता शामिल होंगे और दो विषयगत सत्र भी आयोजित किए जाएँगे। दुनिया के विभिन्न हिस्सों में प्रवासी समुदाय द्वारा अर्जित प्रसिद्धि का सम्मान करते हुए और राजस्थान के विकास में उनके योगदान का जश्न मनाते हुए, सरकार प्रमुख प्रतिभागियों को प्रवासी राजस्थानी सम्मान पुरस्कार () भी प्रदान करेगी। यह पुरस्कार व्यवसाय, विज्ञान, कला, उद्योग, परोपकार, समाज सेवा, संगीत और अन्य क्षेत्रों में उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए भी प्रतिभागियों को प्रदान किया जाएगा।

## चार किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त, एक गिरफ्तार

**जयपुर।** खोह नागोरियान थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम पूर्व (डीएसटी) ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत संयुक्त कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ की सप्लाई करने वाले सप्लायर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से चार किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित परिवहन में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन भी जब्त किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) संजीव नैन ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत खोह नागोरियान थाना पुलिस और डीएसटी पूर्व ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजे की तस्करी करने वाले तस्कर गोवर्धन गुर्जर (22) निमेड़ा जिला जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान आरोपित के पास से चार किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित परिवहन में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन(बाइक) बरामद की है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपित यह गांजा बगरू से लेकर आता है और फिर जयपुर में यह गांजा बेचने वालों को सप्लाई करता है। आरोपित यह गांजा 10 से 12 हजार रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से लेकर आता है और फिर गांजा बेचने वालों को 15 हजार रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से बेचता है। यह अच्छी कमाई के चलते काफी समय से यह काम करता आ रहा है। पुलिस आरोपित से अवैध मादक पदार्थ की खरीद–फरोख्त के बारे में पूछताछ करने में जुटी है।


पुलिस ने मादक पदार्थ की सप्लाई का आरोपी दबोचा।

## आईसीटी, स्मार्ट क्लासेज और सांइस लैब की होगी स्थापना

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री के विशेष प्रयासों के फलस्वरूप केन्द्र सरकार ने 697.88 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि शीघ्र जारी करने की सहमति प्रदान की है।

शर्मा ने हाल ही में नई दिल्ली में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान से मुलाकात कर केन्द्र से प्रदेश को मिलने वाली सहायता एवं अनुदान के संबंध में विस्तृत चर्चा की थी। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री के अनुरोध पर राजस्थान में आईसीटी, स्मार्ट क्लासेज और सांइस लैब की स्थापना के लिए 697.88 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि शीघ्र जारी करने की सहमति दी है।

## गीता पढ़ें, जीवन को सार्थक बनाएं : देवनानी

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि गीता पढ़ें और निराशा व कुण्ठा को समाप्त कर जीवन को सार्थक बनाएं। उन्होंने कहा कि रामायण व गीता जीवन जीने के लिए कर्म प्रधान ग्रंथ है। देवनानी ने अभिभावकों का आव्हान किया कि वे इन दोनों ग्रंथों को घर में रखें। अपने बच्चों को इनका अध्ययन कराएं। इससे निराशा व कुण्डा समाप्त होगी और जीवन जीने की प्रेरणा मिलेगी।

देवनानी गुरुवार को यहां कॉन्स्टिटयूशन क्लब ऑफ राजस्थान में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानान्द के दिव्य गीता सत्संग समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। देवनानी ने स्वामी ज्ञानान्द का शॉल ओढाकर अभिवादन किया। समारोह में आनन्द पोद्धार ने देवनानी का पुष्प गुच्छ भेंट कर और शॉल ओढाकर अभिनन्दन किया। देवनानी ने कहा कि सनातन संस्कृति का वातावरण राष्ट्र को अनुकूल बना रहा है। राष्ट्र नेतृत्व भारत को सनातन संस्कृति के साथ प्रगति की ओर बढ़ा रहा है। भारत शीघ्र ही विश्व गुरु बन जाएगा। देवनानी ने बताया कि उन्होंने अपने शिक्षा मंत्री के कार्यकाल में विद्यालयों में गीता ग्रंथ भिजवाये थे। देवनानी ने नैतिकता की शिक्षा की आवश्यकता प्रतिपादित करते हुए कहा कि नैतिक शिक्षा के लिए गीता अध्ययन जरूरी है। इस अवसर पर जसवीर सिंह, योगी मनीष, हेमन्त सेठीया सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

- गीता मनीषी स्वामी ज्ञानान्द ने गीता सत्संग किया
- देवनानी ने कहा कि गीता व रामायण घर में रखें, संवाद करें और निराशा को दूर करें

## पोस्टर का विमोचन किया

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गुरुवार को यहां विधानसभा में 60वें त्रिदिवसीय श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव के पोस्टर का विमोचन किया। यह महोत्सव अनंत श्री चिंता हरण गणेश मंदिर, गणेश कॉलोनी, शिवाड़ एरिया, आमेर रोड. जयपुर में आयोजित होगा।

## एयरपोर्ट अथॉरिटी के संयुक्त जनरल मैनेजर पर 25 हजार रुपए का हर्जाना

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण के आदेश की पालना नहीं करने को गंभीर मांगा है। अदालत ने कहा कि कोर्ट के आदेशों की पालना नहीं करना चलन बन चुका है। इसके चलते हाईकोर्ट में सैकड़ों अवमानना याचिकाएं भी लंबित चल रहे हैं। यदि इस पर नियंत्रण नहीं किया गया तो आम जनता का न्यायालय और लोकतांत्रिक ढांचे से विश्वास उठ जायेगा। इसके साथ ही अदालत ने मामले में याचिकाकर्ता एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के संयुक्त मैनेजर–एचआर पर अधिकरण की ओर से लगाई गई पांच हजार रुपए की हर्जाना राशि को बढ़ाकर 25 हजार रुपए करते हुए इसकी कटौती उसके वेतन से करने को कहा है। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता ने जानबूझकर मामलों को मुकदमेबाजी के दूसरे राउंड में खींचा। जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा व जस्टिस संजीत पुरोहित की खंडपीठ ने यह आदेश एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के संयुक्त जनरल मैनेजर–एचआर एस सूर्यनारायण व अन्य की याचिका को खारिज करते हुए दिए। मामले से जुड़े अधिवक्ता अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि अधिकरण ने अपीलार्थी फाइनेंस मैनेजर राहुल विजय के ट्रांसफर मामले में स्पीकिंग आर्डर पारित नहीं करने पर अथॉरिटी के संयुक्त जनरल मैनेजर पर पांच हजार रुपए का हर्जाना लगाया था। इस आदेश की पालना करने की बजाय संयुक्त जनरल मैनेजर व अन्य ने इसे हाईकोर्ट की खंडपीठ में चुनौती दी। खंडपीठ ने मामले में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता को व्यक्तिगत तौर पर पेश होने के लिए कहा। इस पर याचिकाकर्ता ने अदालत में पेश होकर माफी मांगी। वहीं अदालत ने हर्जाना राशि को बढाकर 25 हजार रुपए कर दिया।

# विपक्ष में अधिकांश नेता भ्रष्टाचार में संलिप्त, जमानत पर, इसलिए कर रहे हैं बिल का विरोध : मदन राठौड़

**जयपुर, ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत करते हुए विभिन्न मुद्दों पर प्रतिक्रियाएं दी। राठौड़ ने उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर कहा कि हमारे उम्मीदवार अनुभवी, योग्य एवं लंबे समय से राजनीति से जुड़े हुए है।

हमें पूर्ण विश्वास है कि इस चुनाव में भाजपा की शानदार जीत होगी। राठौड़ ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि विपक्ष में अधिकांश नेता भ्रष्टाचार के मामलों में घिरे हुए हैं। सोनिया गांधी, राहुल गांधी, रॉबर्ट वाड्रा, पूर्व वित्त मंत्री और उनके पुत्र सभी जमानत पर हैं। इसी कारण उन्हें भय सता रहा है। यही वजह है कि वे प्रस्तावित संवैधानिक संशोधन विधेयक का विरोध कर रहे हैं।"

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि विपक्ष के कई नेता विभिन्न भ्रष्टाचार के मामलों में संलिप्त हैं और न्यायालय से जमानत पर हैं। ऐसे में उन्हें यह डर सताने लगा है कि यदि कानून सख्त हुआ तो उन्हें जेल का सामना करना पड़ सकता है। यह वही स्थिति है, जिसे कहा जाता है – चोर की दाढ़ी में तिनका। राठौड़ ने स्पष्ट किया कि यह विधेयक किसी एक दल या व्यक्ति के खिलाफ नहीं है। इसमें प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, मंत्री जैसे सभी पदों को भी शामिल किया गया है। फिर डर किसे होना चाहिए ? निश्चित ही हमें नहीं, क्योंकि हम स्वच्छ प्रशासन दे रहे हैं और हमारा व्यक्तिगत जीवन आदर्श, पारदर्शिता और उच्च नैतिक मूल्यों पर आधारित है।"भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि अभी तो यह बिल संयुक्त संसदीय समिति () में भेजा गया है,जिसमें सभी दलों के सदस्य होंगे। इसमें निष्पक्षता से निर्णय होगा। यह विधेयक किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं है, बल्कि अपराधियों और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ है। यदि छवि स्वच्छ है, तो डरने की कोई बात ही नहीं है।"

- भाजपा नेताओं का व्यक्तिगत जीवन आदर्श, पारदर्शिता और उच्च नैतिक मूल्यों पर आधारित : मदन राठौड़

उन्होंने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को धन्यवाद देते हुए कहा कि मैं अमित शाह जी का आभार प्रकट करता हूँ, जिन्होंने यह साहसिक पहल की। उन्होंने यह दुनिया को दिखा दिया कि भाजपा वास्तव में एक अलग तरह की पार्टी है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा राष्ट्रहित में बड़े और साहसी निर्णय लेने के लिए प्रतिबद्ध है। राठौड़ ने कहा कि हम वन स्टेट, वन इलेक्शन और वन नेशन, वन इलेक्शन जैसे कानून की दिशा में काम कर रहे हैं, जिससे बार–बार होने वाले चुनावों के स्थान पर एक बार चुनाव होंगे और उसके बाद सभी जनप्रतिनिधि पूरी तरह से विकास कार्यों में लग सकेंगें।" उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्वाचन आयोग एक स्वतंत्र संस्था है और उसमें भाजपा का कोई हस्तक्षेप नहीं है।

## सार-समाचार

### मोबाइल छीनने वाले दो बदमाश पकड़े




**जयपुर।** संजय सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नशे के शौक और मौज–मस्ती के लिए राहगीरों से मोबाइल छीनने वाले दो बदमाशों को धर–दबोचा है और उनके पास से राहगीरों से छीने गए छह मोबाइल बरामद की है। पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने विभिन्न थानों में दर्जनों वारदातों को अंजाम देना कबूला है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि संजय सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नशे के शौक और मौज–मस्ती के लिए राहगीरों से मोबाइल छीनने वाले 19 वर्षीय मोईन और 21 वर्षीय आदिल को गिरफ्तार किया है और उनके पास से रामगंज जयपुर के रहने वाले है। जिनके पास से पुलिस ने राहगीरों से छीने गए छह मोबाइल जब्त की है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

### 25 अगस्त को जलदाय कर्मचारी करेंगे प्रदर्शन

**जयपुर।** प्रान्तीय नल मजदूर यूनियन इंटक जिला जयपुर के नेतृत्व में 25 अगस्त 2025 (सोमवार) को गांधी नगर स्थित अतिरिक्त मुख्य अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता कार्यालय का घेराव कर जोरदार विरोध–प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर कर्मचारी अपनी लंबित मांगों के शीघ्र समाधान की पुरज़ोर मांग करेंगे। संघ के जिला अध्यक्ष ताराचन्द सैनी, महामंत्री रामधन सैनी, वृत अध्यक्ष मोहनलाल पालीवाल व जिला उपाध्यक्ष रामनिवास सैनी ने बताया कि कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर कई बार अभियंताओं को अवगत कराया गया, लेकिन समाधान न होने से कर्मचारियों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। मुख्य लंबित मांगें निम्न हैं कर्मचारियों की डीपीसी समयबद्ध नहीं हो रही, स्टोर मुंशियों का नियम विरुद्ध अपात्रित कर रखा है, जयपुर शहर के पम्प हाउस और क्वार्टर जर्जर अवस्था में है, तकनीकी कर्मचारियों की नई भर्ती नहीं की जा रही, विभाग में कर्मचारियों से पद अनुरूप कार्य न लेकर अन्य कार्य के लिए दबाव डाला जा रहा है। अन्य कई महत्वपूर्ण समस्याएँ जिनका अब तक समाधान नहीं हुआ। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि विभाग ने इन मांगों पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया और शीघ्र निराकरण नहीं किया गया, तो कर्मचारियों का यह विरोध आंदोलन का रूप ले लेगा।

### सकल बडाया परिवार संगम में होगा स्वर्ण जयंती पूर्ण दंपतियों का अभिनंदन

**जयपुर।** देश भर के बड़ाया परिवारों का राष्ट्रीय सम्मेलन "सकल बडाया परिवार संगम" –2025 24 अगस्त को कुलदेवी सरसा माता (अलवर) मे होगा ।कार्यक्रम के आयोजक रामचरण बड़ाया ने बताया कि देश भर के समस्त बड़ाया परिवारों का तीसरा आयोजन दिन भर चलेगा इसमें समस्त परिवार बंधु भाग लेंगे। कार्यक्रम में सामूहिक मातृ वंदना, बुजुर्ग दंपतियों का अभिनंदन, आदर्श संयुक्त परिवार, हाई प्रोफेशनल्स आदर्श युगल दंपति का भी विशेष सम्मान होगा कार्यक्रम में परिचय, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सहभोज भी होगा, इस विराट आयोजन में देश भर के हजारों समाज बंधु भाग लेंगे।

### स्कूल जाती नाबालिग से छेड़छाड

**जयपुर।** सदर थाना इलाके में एक नाबालिग स्कूली छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। मनचले की अश्लील टिप्पणी से परेशान छात्रा ने स्कूल जाना बंद दिया। जानकारी मिलने के बाद भाई ने मनचले का विरोध किया तो मनचले आशिक ने पीड़िता के घर पर पत्थर फेंके। आरोपी की हरकतों से परेशान होकर नाबालिग पीड़िता ने इस मामले में पुलिस की मदद ली और थाने पहुंच आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज कराया। बयानों के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है। थानाधिकारी देवेंद्र प्रताप ने बताया कि सदर इलाके की रहने वाली 15 वर्षीय नाबालिग छात्रा ने मामला दर्ज कराया है कि पड़ोस में रहने वाले युवक से उनकी बातचीत होती रहती थी। आरोपी ने जबरन उस पर दोस्ती का दबाव बनाने के लिए पीछा करना शुरु कर दिया और अश्लील टिप्पणी करना शुरु कर दिया। जिसके बाद पीड़ित छात्रा ने स्कूल जाना बंद दिया और इस मामले की जानकारी अपने भाई को दी। भाई ने मनचले युवक को समझाने का प्रयास किया तो आरोपी ने घर पर पत्थर फेंके और भाई को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है।

### रिश्तेदार ने किया नाबालिग से दुष्कर्म

**जयपुर।** बजाज नगर थाना इलाके में एक रिश्तेदार ने नाबालिग को होटल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और अश्लील वीड़ियों वायरल करने की धमकी दी। जिसके बाद पीड़िता गुमशुम रहने लगी। परिजनों ने जब नाबालिग से गुमशुम रहने का कारण पूछा तो पीड़िता ने आपबीती परिजनों को सुनाई। जिसके पश्चात गुस्साए परिजनों ने पीड़िता को थाने ले जाकर आरोपी रिश्तेदार के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने पीड़िता के बयानों के आधार पर आरोपी रिश्तेदार के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है। मामले की जांच कर रहीं थानाधिकारी पूनम चौधरी ने बताया की नागौर निवासी ने मामला दर्ज कराया है कि आरोपी रिश्तेदार ने वर्ष 2025 में उसकी 15 वर्षीय बेटी की इंस्टाग्राम आईडी ले ली और पर्सनल फोटो –वीड़ियों को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर मिलने के लिए जयपुर बुलाया और गांधी नगर रेलवे स्टेशन के पास एक होटल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है।

### कैटरर्स एक्सपो का आगाज आज से

**जयपुर।** जयपुर कैटरिंग डीलर्स समिति (रजि.) की ओर से आठवां कैटरर्स एक्सपो 2025 का भव्य उद्घाटन आज एंटरटेनमेंट पैराडाइस (ईवी) ईस्ट लॉन जवाहर सर्किल जयपुर में आयोजित होने जा रहा है। इस अवसर पर कई दिग्गज नेता और गणमान्य अतिथि शिरकत करेंगे। जिसमें मुख्य अतिथियों में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व सांसद मदन राठौड़, राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, जयपुर सांसद मंजू शर्मा और भाजपा के राजस्थान मीडिया प्रभारी प्रमोद वशिष्ठ शामिल होंगे। समिति अध्यक्ष मनोज सेवानी ने बताया कि यह कैटरर्स एक्सपो जयपुर और पूरे राजस्थान के कैटरिंग सेक्टर की श्रेष्ठता और नवीनतम ट्रेंड्स को प्रदर्शित करने का अनूठा अवसर होगा। इस आयोजन में देश–विदेश की बड़ी कंपनियां हिस्सा ले रही है और कैटरिंग व होटल मैनेजमेंट से जुड़े आधुनिक उपकरण, मशीनरी, किचन इक्विपमेंट और जरूरत की छोटी से बड़ी वस्तुएं प्रदर्शित की जाएंगी। यह जयपुर का अब तक का सबसे बड़ा और ऐतिहासिक कैटरिंग व्यवसाय का आयोजन होगा, जो उद्योग से जुड़े लोगों को एक ही मंच पर लाकर नई दिशा देगा।

### अपराध जागरुकता को लेकर कार्यशाला

**जयपुर।** बजाज फाइनेंस एवं सीडीटीआई के संयुक्त तत्वावधान में साइबर अपराध जागरुकता को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला सीडीटीआई जयपुर आयोजित किया गई। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रुप में डीआईजीपी प्रदीप मोहन शर्मा,आईजीपी लक्ष्मण गौड़ सेवा (निवृत), वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक बजाज आबिद खान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सेवा (निवृत) रघुवीर सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सेवा (निवृत) नरेंद्र मोहन शर्मा, पुलिस निरीक्षक सेवा निवृत महेश शर्मा,कृष्ण कुमार कुमावत पुलिस निरीक्षक , पुलिस निरीक्षक गजेंद्र शर्मा ,मुकेश चौधरी (साइबर वक्ता) ,बगरु थाना प्रभारी मोती लाल शर्मा सहित उनके स्टाफ ,विभिन्न कॉलेजों और स्कूलों के छात्र ,सरपंच सहित स्थानीय ग्रामीण शामिल हुआ। इस सत्र के दौरान पुलिस अधिकारियों और बजाज फिनवर्स के प्रतिधियों ने साइबर अपराध जागरुकता पर गहन व्याख्यान दिए और साइबर धोखाधड़ी को रोकने के विभिन्न तरीकों पर प्रकाश डाला। साइबर अपराध की रोकथाम के संबंध में श्रोताओं के प्रश्नों पर विशेषज्ञ साइबर पेशेवरों के माध्यम से समाधान किया गया। ये कार्यशाला साइबर धोखाधड़ी को रोकने और समाज में एक जिम्मेदार और जागरुक डिजिटल संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।